रजिस्ट्री सं० डी-(डी)—73

REGISTERED NO. D-(D)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 28] नई दिल्ली, शनिवार, जुलाई 12, 1975 (आषाढ़ 21, 1897)

No. 28] NEW DELHI, SATURDAY, JULY 12, 1975 (ASADHA 21, 1897)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	487
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	1055
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	—
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियो, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	873
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्ट	—
भाग II—खंड 3—उपखंड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोडकर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)	1871
भाग II—खंड 3—उपखंड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं	2453
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश	373
भाग III—खंड 1—महालेखा परीक्षक, संघ लोक-सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	5485
भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिस	433
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं	13
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विधिक अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	1301
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिस	113

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	487
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1055
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence	873
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3.—SUB. SEC. (i).—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc., of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	187
PART II—SECTION 3.—SUB. SEC. (ii).—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	353
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence ..	373
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India ..	485
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Offices, Calcutta .	433
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	13
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	301
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	113

भाग I—खंड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़ कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की विधितर विषयों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

(Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court)

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 2 जुलाई 1975

सं० 54-प्रेज/75—राष्ट्रपति केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस तथा अग्नि शमन सेवा पदक सहर्ष प्रदान करते है :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री सुगन सिंह,
जमादार,
46 वीं बटालियन,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

जमादार सुगन सिंह केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल की 46 वी बटालियन की "ए" कम्पनी की प्लाटून नं० 1 का नेतृत्व कर रहे थे और पंडा की पुल चौकी के इंचार्ज थे जो दुर्गापुर की पाकिस्तानी सेना चौकी से 1 किलोमीटर उत्तर की ओर थी। यह चौकी शत्रु के हथियारबन्द गश्ती दल को, जो हमारे क्षेत्र में गड़बड़ पैदा करने तथा पड़ोस के शरणार्थी-शिविरों में आतंक फैलाने व संचार व्यवस्था को समाप्त करने की दृष्टि से घुसपैठ कर रहे थे, रोकने के लिए स्थापित की गई थी।

25 नवम्बर, 1971 को इन पाकिस्तानी घुसपैठिया-गश्ती दलों द्वारा पड़ोस मे स्थित एक शिविर पर आक्रमण किया गया। जमादार सुगन सिंह अपने दल की एक छोटी सी टुकड़ी, जिसे चौकी से छोड़ा जा सकता था, लेकर कैम्प की सहायता के लिए तुरन्त गए। अनुकरणीय-नेतृत्व शक्ति एवं उत्कृष्ट कौशल का परिचय देते हुए उन्होंने शत्रु के शक्तिशाली गश्ती दलों पर ऐसा प्रभाव डाला कि वे यह समझे कि सहायता के लिए बहुत भारी कुमुक आ गयी है। इस प्रकार उन्होंने शत्रु को पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया और वे भारी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद छोड़ गए। श्री सुगन सिंह ने अदम्य व्यक्तिगत शौर्य तथा शत्रु के आक्रमण का सामना करने के लिए युक्तिपूर्ण युद्धनीति का परिचय दिया।

2. यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस तथा अग्नि शमन सेवा पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 25 नवम्बर, 1971 से दिया जाएगा।

सं० 55-प्रेज/75—राष्ट्रपति केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री सुरजीत सिंह गिल,
हैड कांस्टेबल सं० 59110019,
सिगनल बटालियन,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल।
श्री रती राम,
नायब आपरेटर सं० 6900675,
सिगनल बटालियन,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

सन् 1971 के भारत-पाक युद्ध की घोषणा से पूर्व भी पूर्वी क्षेत्र में स्थिति नितांत युद्ध जैसी थी। पाकिस्तान द्वारा कई महीनों से रूक-रूक कर अघोषित युद्ध किया जा रहा था। दिनांक 12-8-71 को सुबह 6-30 बजे त्रिपुरा के केलाशहर सब-डिविजन में रानीबाड़ी सीमा निरीक्षण चौकियों पर पाकिस्तानी सेना ने भारी गोलाबारी की तथा मार्टरों से गोली चलाई। हैड कास्टेबल सुरजीत सिंह गिल, जिनकी टुकड़ी पाकिस्तानी सीमा निरीक्षण चौकी के सामने की एक खन्दक मे स्थित थी गोलो के टुकड़ों से बुरी तरह नष्ट हो गई। हैड कांस्टेबल सुरजीत सिंह गिल दाहने पैर में घुटने से ऊपर चोट लगने के कारण घायल हो गए। घाव की परवाह न करते हुए हैड कांस्टेबल सुरजीत सिंह गिल अपनी चौकी पर जमे रहे और अपने नेतृत्व मे स्थित टुकड़ी को अपने स्थान पर डटे रहने के लिए प्रेरित करते रहे। उन्होंने शत्रु को तनिक भी हावी न होने दिया। उनकी टुकड़ी द्वारा की गई तेज कार्रवाई से मात खाकर तथा पराजित होकर शत्रु को विवश होकर गोलाबारी बद कर सुरक्षात्मक मोर्चाबंदी करनी पड़ी।

गोलाबारी के दौरान नायक आपरेटर रती राम जो रानीबाड़ी सीमा निरीक्षण चौकी में वायरलैस सैट पर नियुक्त थे, वे भी बाई आंख की भौं पर गोले का टुकड़ा लगने से घायल हो गए। किन्तु इसके कारण उन्होने अपने कर्त्तव्य के पालन में बाधा न आने दी और वे अपने घाव की परवाह न करते हुए दल के हित में अपने वायरलैस सैट का संचालन करते रहे जिससे बटालियन मुख्यालय द्वारा सीमा चौकी मे सहायता के लिए और कुमुक भेजना संभव हुआ।

हैड कांस्टेबल सुरजीत सिंह गिल तथा नायक आपरेटर रती राम दोनो ने शत्रु का सामना करने में निर्भीक आत्म-शक्ति तथा उत्कृष्ट साहस का परिचय दिया।

2. ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 12 अगस्त, 1971 से दिया जाएगा।

सं० 56-प्रेज/75—राष्ट्रपति केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल के निम्नांकित अधिकारी को उस की वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री प्रह्लाद राम,
जमादार,
16 वीं बटालियन,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

श्री प्रहलाद राम अपनी प्लाटून के साथ गोलाबारूद के एक महत्वपूर्ण स्थान की रक्षा के लिए तैनात थे। 6 दिसम्बर, 1971 को शत्रु ने दिन के 12 बजकर 45 मिनट पर राकेटों से हमला किया और गोला बारूद भंडार के क्षेत्र के बाहर सरकन्डों मे आग लगा दी। श्री प्रह्लाद राम अपनी प्लाटून के साथ तुरन्त आग वाले स्थान पर पहुंचे और आग को, जो कि तेजी से गोलाबारूद भंडार की ओर बढ़ रही थी, नियन्त्रण में कर लिया।

अपने उत्कृष्ट साहस, विशिष्ट सूझबूझ तथा उच्च कोटि के नेतृत्व से श्री प्रहलाद राम ने इस महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान को बचा लिया। अन्यथा, उसके नष्ट होने से हमारे युद्ध-प्रयास कमजोर पड़ जाते और गोलाबारूद वाले स्थान में तथा उसके आस-पास बहुत से व्यक्ति हताहत हो जाते।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 6 दिसम्बर, 1971 से दिया जाएगा।

सं० 57-प्रेज/75—राष्ट्रपति केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री जीत बहादुर लिबू
नायक संख्या 65016386,
16वी बटालियन,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पुलिस पदक प्रदान किया गया

4 दिसम्बर, 1971 को प्रातः पाकिस्तानी विमानों ने एस० एम० पुर चौकी पर बार-बार हमले किए तथा बमबारी की जिसके परिणामस्वरूप सभी जवानों को बंकरो में आड़ लेनी पड़ी। नायक जीत बहादुर लिम्बू जो विमान भेदी कार्य के लिए लगी हल्की मशीन गन के निकट थे, झट कूद कर खुले गड्ढे में चले गए। उन्होने हल्की मशीन गन को सम्भाला और अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए शत्रु के बमबारी करने वाले विमानों पर गोलाबारी शुरु कर दी। इस प्रकार उन्होने शत्रु की बमबारी को निष्फल तथा अस्त-व्यस्त बना दिया ।

नायक जीत बहादुर लिम्बू ने शत्रु द्वारा विमानों से किए गए प्रबल आक्रमण मे भी असाधारण सतर्कता, उत्कृष्ट साहस तथा विशिष्ट कर्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया ।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनाक 4 दिसम्बर, 1971 से दिया जाएगा।

स० 58-प्रेज/75—राष्ट्रपति केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री हरद्वारी लाल,
लासनायक संख्या 64016092,
16वी बटालियन,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

17 दिसम्बर, 1971 को सायं लगभग 7 बजे पाकिस्तानी सेना ने नारायणपुर चौकी पर गोलाबारी करनी शुरु कर दी और साथ ही उस पर एम० एम० जी० तथा एल० एम० जी० से भी गोले बरसाए। शत्रु की एम० एम० गनों का पता लगाने के लिए, जिनके गोले चौकी की ठीक निशाना बना रहे थे, लांस नायक हरद्वारी लाल ने गश्ती दल का नेतृत्व करने के लिए अपने को पेश किया। यह कार्य उन्होने अपनी निजी सुरक्षा की बिलकुल परवाह न करते हुए बड़ी योग्यता तथा साहस के साथ किया। तत्पश्चात् शत्रु की 3 इंच मोर्टार से की गई गोलाबारी का मुह बन्द कर दिया तथा उनकी एम० एम० गन भी शान्त कर दी जिससे हमारी चौकी को बड़ी राहत मिली ।

लांस नायक हरद्वारी लाल ने शत्रु की गोलाबारी का मुकाबला करने मे असाधारण साहस, विशिष्ट कर्तव्यनिष्ठा तथा प्रेरणादायी नेतृत्व का परिचय दिया ।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 17 दिसम्बर, 1971 से दिया जाएगा ।

सं० 59-प्रेज/75—राष्ट्रपति केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री पारसनाथ पाण्डे,
कास्टेबल ड्राइवर स० 68038254,
38 वी बटालियन,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

16 सितम्बर, 1971 को केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल की 38 वी बटालियन के कास्टेबल ड्राइवर पारसनाथ पाण्डे को "ई" कपनी के कुछ कर्मचारियों तथा भडार को त्रिपुरा के कमालपुर सब डिविजन मे मोराचेरा चौकी से चमानू पहुचने का काम सौपा गया था।

सुबह लगभग 5 बजे जब वे इस सबध मे प्रारभिक तैयारिया पूरी कर रहे थे तो कमालपुर नगर तथा मोराचेरा चौकी पर पाकिस्तानी सेना द्वारा भारी मोर्टार तथा मार्टार से गोलाबारी आरभ कर दी गई। एक गोला उनक वाहन के पास फटा जिसका एक टुकडा लगने से उनकी टाग गभीर रूप से जख्मी हो गयी।

गम्भीर रूप से घायल होने तथा गोलाबारी चलती रहने के बवजूद कास्टेबल ड्राइवर पारसनाथ पाण्डे ने अपने घावो की परवाह न करते हुए उत्कृष्ट साहस, तत्परता तथा कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया, और अपने पास के नागरिको का, जो अपने सामान्य कार्यों मे जुटे हुए थे, बचाने के लिए उन्होने बचाव कार्य हाथ मे लिया। उन्होने वहा के 40 नागरिको को अपने वाहन मे बिठा लिया और सुरक्षित स्थान मे पहुचा दिया तथा अपने चार्ज के सरकारी वाहन को भी बचा लिया यह सब कुछ उन्होने लगातार चल रही गोलाबारी तथा अपनी सुरक्षा की बिल्कुल परवाह न करते हुए किया।

श्री पारसनाथ पाण्डे ने 40 नागरिको को सुरक्षित स्थान मे पहुचाने मे उत्कृष्ट साहस, दृढ-निश्चय और विशिष्ट सतर्कता का परिचय दिया।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनाक 16 सितम्बर, 1971 से दिया जाएगा।

स० 60-प्रेस/75—राष्ट्रपति केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल के निम्नाकित अधिकारियो को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है।

अधिकारियो के नाम तथा पद

श्री विश्वकर्मा राम,
लास नायक सख्या 68038092,
38 वी बटालियन,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल।

श्री राम नारायण यादव,
कास्टेबल स० 68038360,
38 वी बटालियन,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल।

सेवाओ का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

त्रिपुरा के कैलाशहर सब-डिवीजन मे रगौटी बाह्य सीमा चौकी पर जहा केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल की 38 वी बटालियन की "ई" कम्पनी तैनात थी, 12-9-71 की शाम को 5 बजकर 35 मिनट पर भारी गोलाबारी की गई। कुछ गोले बाह्य सीमा चौकी के आस-पास असैनिक क्षेत्रो मे भी गिरे। बाह्य चौकी की रक्षा करने के साथ-साथ दल के लिए असैनिक जनता को इस आक्रमण से बचाने मे आवश्यक सहायता प्रदान करना अनिवार्य हो गया था।

अपनी निजी सुरक्षा की बिल्कुल परवाह न करते हुए लास नायक विश्वकर्मा राम और कास्टेबल राम नारायण यादव ने अपेक्षित सहायता प्रदान करने की स्वेच्छा प्रकट की और अपनी खन्दक से बाहर निकलकर घायल असैनिको को जिनमे महिलाए और बच्चे भी थे, बचाने के लिए दौडे। इस प्रक्रिया मे गोलो के टुकड़ो से दोनो जख्मी हुए किन्तु उन्होने निडर होकर असैनिको को सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए मार्गदर्शन और घायलो का प्रथमोपचार कराने का कार्य पूर्ण किया।

अपने घावो की बिल्कुल परवाह न करते हुए श्री विश्वकर्मा राम और श्री राम नारायण यादव ने दृढ-सकल्प तथा साहस और निश्चल कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया जिसकी सभी स्थानीय निवासियो द्वारा बडी सराहना की गई।

2. ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अन्तर्गत वीरता के लिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनाक 12 सितम्बर, 1971 से दिया जाएगा।

स० 61-प्रेस/75 —राष्ट्रपति केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल के निम्नाकित अधिकारी को उस की वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है —

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री वाई० वी० के० रेड्डी,
पुलिस उप अधीक्षक,
46वी बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

7 अगस्त, 1971 की 46वी बटालियन के पुलिस उप अधीक्षक श्री वाई० वी० के० रेड्डी अपनी "वी" कपनी के साथ मेघालय गए। अपनी ड्यूटी के अतिरिक्त उन्हे दो और कम्पनियो की कमान्ड दी गयी जिन्हे उन्होने सामरिक रूप से सिविल पुलिस के सपर्क मे नियुक्त किया और रात्रि मे एक चौकी से दूसरी चौकी तक गश्त लगाते हुए जनता मे मनोबल एव विश्वास की भावना जागृत की।

27/28 अक्तूबर, 1971 के बीच की रात को जब वे मनग मे प्लाटून मुख्यालय मे थे, तो एक पाकिस्तानी टुकडी ने रात्रि के 9 बजे से 11-30 बजे तक तीन विभिन्न दिशाओ से चौकी पर गोलाबारी की। श्री वाई० वी० के० रेड्डी ने अपनी निजी सुरक्षा की बिल्कुल परवाह न करते हुए, अपने साथ एक टुकडी ली और चौकी के बाहर चले गये और शत्रु पर वह प्रभाव डालने के लिए कि उनके पास वास्तविक दल से अधिक शक्ति है, उन्होने निजी रूप से शत्रु पर विभिन्न स्थानो से आक्रमण किया। पाकिस्तानी, जो उस क्षेत्र मे घुस आये थे, सामरिक महत्व की इस कार्यवाही से घबरा गए और आक्रमण करने से पूर्व ही उन्हे वापस लौटने को बाध्य होना पड़ा।

श्री वाई० वी० के० रेड्डी ने दृढ़-निश्चय, कर्त्तव्य-परायणता, युद्ध नीति की गहरी सूझ-बूझ और उदाहरणीय निजी साहस का परिचय दिया ।

2 यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है ।

स० 62-प्रेज/75 ——राष्ट्रपति केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल के निम्नांकित अधिकारी को उस की वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है ——

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री वीर सिह,
कास्टेबल स० 68020478,
20वी बटालियन ,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

कास्टेबल वीर सिह केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल की 20 वी बटालियन की "डी" कम्पनी के सदस्य थे जिसे 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध के दौरान पश्चिमी मोर्चे पर सामरिक महत्व के "चिकन नैक" क्षेत्र मे तैनात किया गया था ।

5 दिसम्बर, 1971 को शत्रु ने "जमना बेला" चौकी पर, जिसे हमारी सेनाओ ने पहले ही खाली कर दिया था, कब्जा कर लिया, और वह उस क्षेत्र मे और आक्रमणो के लिए तत्पर था । केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल की 20वी बटालियन की "डी" कम्पनी को "जमना बेला" को शत्रु से खाली कराने तथा चौकी पर पुन कब्जा करने का आदेश दिया गया ।

कास्टेबल वीर सिह ने "जमना बेला" चौकी पर केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल के जवानो द्वारा किये गये भीषण जवाबी आक्रमण मे भाग लिया । अपनी हल्की मशीनगन का पूरा उपयोग करते हुए श्री वीर सिह ने प्रभावी रूप से शत्रु को उलझाया और इस प्रकार शत्रु की ओर से होने वाली गोलाबारी के प्रहार का जोर अपने ऊपर ले लिया । उच्च कोटि की सतर्कता तथा साहस का प्रदर्शन करते हुए एव अपनी निजी सुरक्षा की परवाह न करते हुए कास्टेबल वीर सिह गोलाबारी कर के प्रभावी आवरण (कवर) प्रदान करते रहे जिससे केन्द्रीय आरक्षित पुलिस के जवानो का मुख्य भाग ठीक अपने लक्ष्य तक बढने मे समर्थ हो गया और इस भारी रक्षित मोर्चे से शत्रु को खदेड दिया गया ।

अपनी कम्पनी को सौपे गये आक्रमक कार्यवाही करने के कार्य मे कास्टेबल वीर सिह ने जिस बहादुरी तथा अडिग कर्त्तव्य-निष्ठा का प्रदर्शन किया वह उच्च कोटि की होने के साथ साथ इस पुलिस दल की सर्वोत्तम परम्पराओ के अनुरूप थी ।

2 यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनाक 5 दिसम्बर, 1971 से दिया जाएगा ।

स० 63-प्रेज/75 ——राष्ट्रपति केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल के निम्नांकित अधिकारी को उस की वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है ——

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री किशन चन्द,
जमादार,
38वी बटालियन,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल ,

सेवाओ का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

नवम्बर, 1971 के अन्तिम सप्ताह मे भारत के विरुद्ध लडाई की घोषणा के तुरन्त पहले पाकिस्तानी सेना ने त्रिपुरा मे सुब्रूम सब-डिवीजन मे सुब्रूम नदी के दूसरे तट पर दलबारी के सामने खाइयो मे मोर्चा सम्भाल लिया । केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल की 38वी बटालियन के जमादार किशन चन्द को दलबारी मे एव प्लाटून चौकी स्थापित करने तथा भारतीय क्षेत्र मे शत्रु के प्रवेश को रोकने का कार्य सौपा गया । प्लाटून तैनात की गई और उसने 2 दिसम्बर, 1971 को अन्धेरे मे खाई खोदना आरम्भ किया । पुलिस दल के वहा पाव जमने से पहले ही पाक सेना ने 3 दिसम्बर 1971 की रात्रि को उस क्षेत्र मे अचानक गोलाबारी शुरु कर दी । केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल के स्थापित किये गये नये मोर्चे को तोपखाने की सहायता उपलब्ध न थी और शत्रु द्वारा उस पर स्वचालित हथियारो से गोलाबारी की जा रही थी ।

प्रतिकूल परिस्थितियो के होते हुए भी जमादार किशन चन्द के योग्य मार्ग दर्शन तथा उच्च साहस के कारण केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल की छोटी सी टुकडी ने न केवल अपने मोर्चे को भारी विषमता होने पर भी कायम रखा बल्कि शत्रु की निरन्तर भारी गोलाबारी के बावजूद वे आगे बढ़ने मे भी समर्थ हुई ।

श्री किशन चन्द, जमादार, ने उच्चकोटि के नेतृत्व, निर्भीक साहस तथा प्रशसनीय कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया और आक्रम्य क्षेत्र मे शत्रु को घुसने से रोक दिया ।

2 यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिए, दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनाक 3 दिसम्बर, 1971 से दिया जाएगा ।

स० 64-प्रेज/75 ——राष्ट्रपति केन्द्रीय आरिक्षत पुलिस दल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस तथा अग्नि शमन सेवा पदक सहर्ष प्रदान करते है .——

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री बलबीर सिह,
कास्टेबल सख्या 6203826,
38वी बटालियन,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल ।

सेवाओ का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

त्रिपुरा के कमालपुर सब-डिवीजन की बालीगाव सीमा चौकी मे केन्द्रीय आरक्षित पुलिस की 38वी बटालियन की "बी" कम्पनी

तैनात थी और इस बाह्य सीमा चौकी के कर्मचारियों को अन्य बातों के साथ-साथ गंगानगर, मोहनपुर तथा मोलाया गांवों में सावधानी के साथ गश्त लगाने और भारतीय क्षेत्र में पाकिस्तानी सेना की घुस-पैठ रोकने का काम सौंपा गया था ।

युद्ध से पूर्व की स्थिति में दिनांक 5 अक्तूबर, 1971 की प्रातः लगभग 6-30 बजे सैक्शन की संख्या में एक गश्ती दल बानी गांव बाह्य सीमा चौकी से सीमावर्ती गांव गंगानगर भेजा गया। जब गश्तीदल उस क्षेत्र में गश्त लगा रहा था तो लगभग 11-30 बजे पूर्वाह्न 150 सशस्त्र पाकिस्तानी उपद्रवी, जिनमें पाकिस्तानी सेना की एक नियमित प्लाटून भी सम्मिलित थी, गंगानगर गांव में घुस आए और घरों में आग लगाने लगे । साथ ही, गांव तथा गश्तीदल पर समीप की पाकिस्तानी आदिया बाह्य सीमा चौकी से मार्टरों, स्वचालित हथियारों तथा छोटे हथियारों से भी आक्रमण किया गया ।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 3 दिसम्बर, 1971 से दिया जाएगा ।

सं० 65-प्रेज/75 ——राष्ट्रपति केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल के निम्नांकित अधिकारी को उस वीरता की लिए राष्ट्रपति का पुलिस तथा अग्नि शमन पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :——

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री शेर सिंह ,
जमादार,
38वीं बाटलियन ,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

बिशनपुर सीमांत बाह्य चौकी त्रिपुरा के सुब्रूम सब-डिवीजन में कंपनी मुख्यालय से लगभग 11 किलोमीटर की दूरी पर स्थित थी । इस बाह्य चौकी में केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल की 38वी बटालियन की एक प्लाटून तैनात थी । 3 दिसम्बर, 1971 की रात्रि को शत्रु ने अपनी सीमा से खेतलचारी, दलबारी व सुब्रूम में हमारे सुरक्षात्मक मोर्चों पर गोलाबारी आरम्भ कर दी । शत्रु की गोलाबारी की जवाबी कार्रवाई में केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल की सहायता के लिए तोपखाना उपलब्ध नहीं था और उसकी दूरी केन्द्रीय आरक्षित पुलिस के पास उपलब्ध हथियारों की मार के बाहर थी ।

कई घंटों तक बिना किसी सफलता के शत्रु की कार्यवाही भुगतने के पश्चात् दिनांक 4 दिसम्बर, 1971 को लगभग साढे आठ बजे प्रातः यह निश्चय किया गया कि एक गश्ती दल को शत्रु के क्षेत्र के अन्दर वहां तक भेजा जाय जहां से कार्यवाही कर रही पाकिस्तानी सीमा चौकियां हमारे हथियारों की मार के अन्दर आ जायें । जमादार शेर सिंह ने इस नाजुक और पूरी तरह खतरनाक काम को अपने हाथ में लिया तथा दल की एक साधारण टुकड़ी को लेकर सीमा पार की ओर सीमा के काफी अन्दर जा कर पाकिस्तानी सीमा चौकियों पर 2 इंच मार्टरों से आक्रमण कर दिया तथा अपने ठिकाने पर वापस आने से पूर्व शत्रु की गोलाबारी को शान्त कर दिया ।

केन्द्रीय आरक्षित पुलिस की इस टुकडी ने घुसपैठ कर रहे शत्रु का मुकाबला किया और कुछ ही मिन्टों में कान्सटेबल बलबीर सिंह, जो कि प्रमुख थे, के सिर में गम्भीर चोट लगी । निर्भीक होकर और अपने प्राणों की जोखिम की परवाह न करते हुए वे रैंगकर आगे सरकते गये और शत्रु पर गोली चलाते रहे, और गश्तीदल के अन्य सदस्यों के लिए एक उदाहरण देते हुए असाधारण साहस, आत्मसंयम एवं सही निशाने की योग्यता का परिचय दिया जिससे उनके लिए पाकिस्तानी हमले का मुकाबला करना तथा पाकिस्तानी उपद्रवियों का बहुत अधिक संख्या में होने के बावजूद उन्हें खदेड़ना संभव हो सका । केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल की इस टुकड़ी की कार्रवाही से बहुत नागरिकों की जानें बची तथा उन की सम्पत्ति को क्षति से बचाया गया ।

इस कार्रवाई में कान्सटेबल बलबीर सिंह ने, गम्भीर रूप से घायल होने के बावजूद, अदम्य साहस, उत्कृष्ट वीरता, तत्परता एवं कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

2. यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस तथा अग्निशमन सेवा पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 5 अक्तूबर, 1971 से दिया जाएगा ।

सं० 66-प्रेज/75——राष्ट्रपति केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल के निम्नांकित अधिकारियों को उन की वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :——

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री डी० आर० मुखिया,
जमादार नं० 60008041,
38वी बटालियन,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल ।

श्री चत्तर सिंह,
हैड कांस्टेबल,
38वीं बटालियन,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल ।

श्री ए० एस० सरले,
कांस्टेबल नं० 69038001,
38वी बटालियन,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

त्रिपुरा के अमरपुर सब-डिवीजन में चकपुर की बाह्य सीमा चौकी में केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल की 38वी बटालियन की एक प्लाटून 9 नवम्बर, 1971 को जमादार डी० आर० मुखिया के नेतृत्व में तैनात की गई थी । 13 नवम्बर, 1971 को पाकिस्तान की अनियमित हथियारबन्द फौजों द्वारा, स्वचालित एवं क्षेत्रीय हथियारों के साथ दक्षिण पूर्व की ओर से आक्रमण करके पुलिस दल को चौकी से उखाड़ने तथा सीमा क्षेत्र में अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न

करने का प्रयत्न किया गया। बाह्य सीमा चौकी से 400 गज की दूरी पर एक पेड़ की चोटी पर, शत्रु की गतिविधि पर नजर रखने के लिए एक निगरानी चौकी बनायी गई थी, जिसमें हैड कांस्टेबल चत्तर सिंह तथा कान्स्टेबल ए० एस० सरुले तैनात किए गए थे। पाकिस्तानी आततायियों ने बाह्य सीमा चौकी पर आक्रमण करने से पूर्व इस पेड़ पर की निगरानी चौकी को निष्क्रिय करने की मनशा से उस पर गोली चलाई। भारी गोलाबारी के बावजूद पेड़ वाली चौकी के कर्मचारी, पाकिस्तानी फौजों की गतिविधि के बारे में बाह्य सीमा चौकी को सावधान करने में सफल रहे और उसके बाद आक्रमण को नाकाम करने के लिए वे बाह्य चौकी के मुख्य सैनिकों से जा मिले। गम्भीर तथा अचानक खतरे के समक्ष जमादार डी० आर० मुखिया, हैड कांस्टेबल चत्तर सिंह तथा कांस्टेबल ए० एस० सरुले ने शेष कर्मचारियों को एकत्रित किया तथा शत्रु के आक्रमण का, जो 13/14 नवम्बर, 1971 की रात्रिपर्यन्त चलता रहा, तथा दूसरे दिन सुबह रजाकारों की संख्या और बढ़ा कर हमारी चौकी को जीतने की अभिलाषा से फिर किया गया, सफलता से सामना करने के लिए सुरक्षात्मक मोर्चाबन्दी की।

जमादार डी० आर० मुखिया के निर्भीक साहस से अपने कर्मचारियों का नेतृत्व करने तथा हैड कांस्टेबल चत्तर सिंह तथा कांस्टेबल ए० एस० सरुले की सतर्कता तथा शौर्य के कारण शत्रु की योजना बिल्कुल विफल हो गई।

2. ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 14 नवम्बर, 1971 से दिया जाएगा।

सं० 67-प्रेज/75—राष्ट्रपति केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस तथा अग्नि शमन सेवा पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री बलदेव सिंह, (स्वर्गीय)
कांस्टेबल संख्या 68020626,
20वीं बटालियन,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

श्री बलदेव सिंह, केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल की 20वीं बटालियन की "ए" कम्पनी के जवान थे जिन्हें 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान पश्चिमी मोर्चे में 'चिकन नैक' क्षेत्र में तैनात किया गया था।

दिनांक 5 दिसम्बर, 1971 को पाकिस्तानी सेना ने जमना बेला चौकी ले ली जिसको इससे पूर्व भारतीय सेना ने खाली करना ठीक समझा था। हमारी चौकी में शत्रु की उपस्थिति का पता गश्ती दल ने लगाया जिसमें कांस्टेबल बलदेव सिंह भी थे। शत्रु से एकाएक मुकाबला पड़ जाने तथा इस तथ्य के बावजूद कि उनकी भारी संख्या के सामने हमारी गश्ती टुकड़ी बहुत छोटी थी, कांस्टेबल बलदेव सिंह ने धैर्य नहीं खोया और खाई में तैनात शत्रु से फौरन भिड़ गये। इस वीर एवं साहसी कांस्टेबल के उदाहरण का अनुकरण करके गश्ती दल के अन्य कर्मचारियों ने भी शत्रु पर वार किया और फिर दोनों ओर से तेजी से गोलाबारी हुई। कांस्टेबल बलदेव सिंह ने अपने साथियों को अपने मोर्चे पर डटे रहने के लिए प्रोत्साहित किया और शत्रु को निरुत्साहित कर दिया और अन्त में उसे पीछे हटना पड़ा। इसके बाद कांस्टेबल बलदेव सिंह तथा उनके साथी उस क्षेत्र में शत्रुओं की सफाई करने में तब तक लगे रहे जब तक कि वे भारतीय सेना के साथ-साथ अगली पंक्ति में मोर्चे पर नहीं जा डटे।

दिनांक 14 दिसम्बर, 1971 को फिर कांस्टेबल बलदेव सिंह की चौकी पर शत्रु ने बहुत भारी गोलाबारी की। कांस्टेबल बलदेव सिंह ने पुनः सिपाहियाना बहादुरी का परिचय दिया और गोले से घायल हो जाने तक निर्भीकता से अपने मोर्चे पर डटे रहे। कांस्टेबल बलदेव सिंह को फील्ड अस्पताल में ले जाया गया और घाव के कारण 15 दिसम्बर, 1971 को वे वीरगति को प्राप्त हुए।

इन सैन्य कार्रवाईयों में स्वर्गीय कांस्टेबल बलदेव सिंह ने अनुकरणीय शौर्य तथा उत्कृष्ट कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया और अन्ततोगत्वा अपने लक्ष्य की पूर्ति के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी।

2. यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस तथा अग्नि शमन सेवा पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनाक 14 दिसम्बर, 1971 से दिया जाएगा।

सं० 68-प्रेज/75—राष्ट्रपति केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस तथा अग्नि शमन सेवा पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री रणवीर सिंह राणा,
पुलिस उप अधीक्षक,
20वी बटालियन,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

सन् 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान श्री रणवीर सिंह राणा ने केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल की 20वी बटालियन की "डी" कम्पनी का नेतृत्व किया जिसको पश्चिमी सीमा पर जम्मू व कश्मीर के साथ के क्षेत्र में जो "चिकन नैक" कहलाता है, तैनात किया गया था।

"चिकन नैक" क्षेत्र तथा उसके साथ के क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत करने के ध्येय से शत्रु ने 5 दिसम्बर, 1971

को "जमना बेला" चौकी पर, जिसको भारतीय जवान पहले युद्ध नीति के कारण खाली कर आए थे, कब्जा कर लिया। श्री रणबीर सिंह राणा को शत्रु को निकाल बाहर करने तथा चौकी को वापस लेने का कार्य सौंपा गया। श्री रणवीर सिंह राणा ने अपनी कम्पनी का स्वयं नेतृत्व किया तथा उनके नेतृत्व में जो छोटा दल था उसे साथ लेकर उन्होंने चौकी पर पूरे जोर से जवाबी हमला कर दिया। अपने कमाण्डर की वीरता तथा साहस को देखकर केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल के जवान बहुत प्रभावित हुए। यद्यपि वे संख्या में बहुत कम थे, तथापि वे शत्रु की स्वचालित हथियारों द्वारा की गई भारी गोलाबारी के बावजूद उसे लगातार खदेड़ते गये तथा खन्दकों में जमे हुए शत्रु को उखाड़ कर उन्होंने "जमना बेला" चौकी को पुनः ले लिया। श्री राणा की चतुर योजना व कारगर युक्ति के कारण उनके दल का कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ।

श्री रणवीर सिंह राणा ने समस्त कार्रवाई में वीरता, साहस, कुशल उत्कृष्ट नेतृत्व तथा तत्परता का परिचय दिया और शत्रु को अव्यवस्थित करने तथा उसके द्वारा प्रारम्भ में प्राप्त लाभ को पूर्ण रूप से निष्क्रिय करने में सफल हुए।

श्री राणा तथा उनके नेतृत्व वाली टुकड़ियों द्वारा प्राप्त की गई पूर्ण सफलता ने उस क्षेत्र में भारतीय उपस्थिति को मजबूत किया और अनुवर्ती कार्रवाइयों के लिए इसने आधार शिला का कार्य किया जिससे भारतीय सेना ने सम्पूर्ण "चिकन नैक" क्षेत्र को अधिकार में कर लिया।

2. यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस तथा अग्नि शमन सेवा पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 5 दिसम्बर, 1971 से दिया जाएगा।

सं० 69-प्रेज/75—राष्ट्रपति केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल ने निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री कुन्दन सिंह,
जमादार,
16वीं बटालियन,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल,

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

4 दिसम्बर, 1971 को जब सीमा सुरक्षा दल की 30वीं बटालियन ने घिनदाह की सीमा चौकी पीछे हटा लेने के कारण पूर्वी किनारे पर सुरक्षा न बनी रहने का लाभ उठाकर शत्रु ने 5 दिसम्बर, 1971 को सायं लगभग 5 बजे उस ओर से पूर्वी किनारे से एम० एम० गनों के फायर के कवर में पहाड़पुर चौकी पर आक्रमण कर दिया परन्तु इस चौकी के अकेले पड़ जाने पर भी जमादार कुन्दनसिंह और उनके जवानों ने शत्रु का कड़ा मुकाबला किया और उसे पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। शत्रु ने पूर्वी तथा पश्चिमी किनारे से एक ही दिशा में आगे बढ़ कर तथा साथ में अपने प्रभावशाली चौकी अभियान डोगरा से एम० एम० गन से गोलाबारी करके इस चौकी पर कब्जा करने की एक बार फिर कोशिश की परन्तु शत्रु को इस चौकी के कड़े प्रतिरोध के सामने पीछे हटना पड़ा।

जमादार कुन्दन सिंह ने अडिग साहस, दृढ़ संकल्प तथा उत्कृष्ट नेतृत्व शक्ति द्वारा इस असुरक्षित चौकी को शत्रु के हाथ में पड़ने से बचाया।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 5 दिसम्बर, 1971 से दिया जाएगा।

सं० 70-प्रेज/75—राष्ट्रपति केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री आर० एन० शारदा,
पुलिस उप अधीक्षक,
38वीं बटालियन,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

त्रिपुरा के कमालपुर सब-डिवीजन में गंगानगर, मोहनपुर और भोलाया सीमावर्ती गांव पर युद्ध से पहले एक पाकिस्तानी बाह्य सीमा चौकी से पाकिस्तानी गोलाबारी होती रहती थी। 24-8-71 को उपर्युक्त गांवों और कमालपुर शहर पर पाकिस्तानी सेना द्वारा भारी गोलाबारी की गई जिससे क्षेत्र के बहुत से निवासियों की जानें गईं और उनके माल का भारी नुकसान हुआ। गांव के लोगों ने अपने घर खाली करने और दूसरे सुरक्षित स्थानों को जाना आरम्भ कर दिया।

पुलिस उप अधीक्षक श्री आर० एन० शारदा, को घटना-स्थल का दौरा करने, उपयुक्त स्थानीय कार्यवाही करने और घटनास्थल पर स्थिति का जायजा लेने और खतरे का मुकाबला करने के लिए अगली कार्यवाही की योजना बनाने के लिए उच्चतर प्राधिकारियों को रिपोर्ट देने के लिए नियुक्त किया गया।

बालीगांव बाह्य सीमा चौकी पर पहुंचकर श्री आर० एन० शारदा क्षेत्र के स्थानीय निवासियों से मिले, उन्हें सुरक्षा का आश्वासन दिया, और गश्त लगाने के कार्यक्रम शुरू किए। परिणामस्वरूप क्षेत्र के लोगों में पुनः विश्वास उत्पन्न हो गया और अधिकांश विस्थापित अपने घरों को लौट आये।

26-8-71 को प्रातः लगभग 6 बजे जब किसान अपने खेतों में काम कर रहे थे तो श्री आर० एन० शारदा गश्ती दल का स्वयं नेतृत्व करते हुए तथा आसपास के क्षेत्र को

छान डालने के बाद गंगानगर के पास पहुंचे। इस समय अन्तर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में पाकिस्तानी सेना ने छोटे हथियारों से गश्तीदल पर गोली चला दी। इस गोलीबारी में श्री आर० एन० शारदा को बाएं हाथ में गम्भीर चोट आ जाने पर भी सुरक्षात्मक कार्यवाही करने में बड़ी सावधानी से काम लिया, न तो वे भावावेश हुए और न ही उन्होंने अन्धाधुन्ध जवाबी गोलीबारी की, क्योंकि वे जानते थे कि ऐसा करने से काफी संख्या में खेतों मे काम करने वाले असैनिक दोनों ओर की गोलीबारी में फंस सकते थे। इस कार्य में संयम बरतने के लिए उन्होने अपने जवानों पर नियंत्रण रखा और इस तरह लगातार खतरे और अपने घावों की बिल्कुल परवाह न करते हुए उत्कृष्ट साहस का परिचय दिया। स्थानीय जनता में व्याप्त घबराहट दूर करने के ध्येय से और उनमे विश्वास बनाये रखने के लिए वे अपने गश्ती दल के साथ क्षेत्र में टिके रहे।

श्री आर० एन० शारदा द्वारा स्थिति से निपटने के लिए अपनाए गये प्रशंसनीय ढंग और उनके साहस की सभी लोगों ने बड़ी प्रशंसा की और इस कारण शत्रु पक्ष का मनोबल चूर कर दिया गया।

श्री आर० एन० शारदा ने उत्कृष्ट साहस, उत्तरदायित्व निभाने मे तत्परता, तथा सराहनीय वीरता और नेतृत्व शक्ति का परिचय दिया।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 26 अगस्त 1971 से दिया जाएगा।

सं० 71 प्रेज/75—राष्ट्रपति केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री एन० एस० ठाकुर,
जमादार,
16वीं बटालियन,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया।

केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल की 16वी बटालियन के जमादार एन० एस० ठाकुर ने अपनी सीमा चौकी पर लगातार गोलाबारी के दौरान जिस शान्त चित्तता एवं अदम्य साहस का परिचय दिया वह उनके साथियों के लिए भारत-पाक युद्ध के दौरान प्रेरणा स्त्रोत बना रहा। 10 दिसम्बर, 1971 को उन्होंने अपनी असाधारण निपुणता से हमारी सेना द्वारा आक्रमण करने के लिए एक मजबूत बेस स्थापित किया। उन्होने शत्रु क्षेत्र में खोज निकालने का कार्य पूरे जोर से आरम्भ किया तथा शत्रु की मोका चक चौकी से 14 दिसम्बर, 1971 को काफी मात्रा में गोलाबारूद कब्जे में लिया।

इस कार्यवाही मे जमादार एन० एस० ठाकुर ने असाधारण साहस, उद्देश्य प्राप्ति की लगन तथा उत्कृष्ट नेतृत्व का परिचय दिया।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 14 दिसम्बर, 1971 से दिया जाएगा।

सं० 72-प्रेज/75—राष्ट्रपति असम पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उस की वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री हलधर लस्कर,
पुलिस उप-निरीक्षक,
दालू पुलिस थाना,
जिला—गारो हिल्स,
असम।

सेवाओं का विवरण जिसके लिए पदक प्रदान किया गया।

श्री हलधर लस्कर को अगस्त, 1970 में गारो हिल्स जिले मे दालू पुलिस थाने में नियुक्त किया गया था। जो पूर्वी पाकिस्तान के समीप होने के कारण यह शरणार्थियों से भर गया था और प्रशासन तथा सुरक्षा की दृष्टि से स्थिति काफी गम्भीर हो गई थी। श्री हलधर ने शरणार्थियों का पंजीकरण किया और कार्य समय पर पूरा कर दिया। वे अतिसंवेदनशील सीमान्त क्षेत्र में यथोचित सावधानी से देखभाल करते रहे। 24/25 मई, 1971 को पाकिस्तानी सेना दालू की बस्ती के कुछ हिस्से पर छा गयी थी किन्तु श्री हलधर लस्कर अपनी जगह पर डटे रहे और अपने क्षेत्र में हो रही भारी गोलाबारी के बावजूद असैनिक जनता द्वारा शहर खाली करने का कार्य करते रहे तथा शरणार्थी शिविर में भी व्यवस्था बनाये रखी।

